## महत्वपूर्ण एवं खास

### राज्यपाल दिल्ली और नागपुर के दौरे पर

**रायपुर।** राज्यपाल सुश्री अनुसुईया उइके 30 जनवरी से 01 फरवरी तक दिल्ली और नागपुर प्रवास पर रहेंगी। वे 30 जनवरी की रात 8-20 बजे स्वामी विवेकानंद विमानतल रायपुर से विमान द्वारा रवाना होगी और रात 10 बजे आई.जी.आई. विमानतल नई दिल्ली पहुंचेंगी। सुश्री उइके 31 जनवरी को सुबह 10 बजे राष्ट्रीय महिला आयोग द्वारा आयोजित कार्यक्रम में शामिल होंगी। वहां से शाम 7:20 बजे आई.जी.आई. विमानतल नई दिल्ली से रवाना होंगी और रात 8-55 को नागपुर पहुंचेंगी। राज्यपाल 1 फरवरी को सुबह 11 बजे स्मृति मंदिर रेशमबाग में आयोजित 'राष्ट्रीय महिला अधिवेशन' में शामिल होंगी। इसके बाद राज्यपाल शाम 5 बजे विमान द्वारा रायपुर के लिए रवाना होंगी और शाम 5:45 बजे पहुंचेंगी।

### केबिनेट और खेल विकास प्राधिकरण की बैठक 30 जनवरी को

**रायपुर।** मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल की अध्यक्षता में 30 जनवरी को मुख्यमंत्री निवास में केबिनेट की बैठक और खेल विकास प्राधिकरण की शासी निकाय (गर्वनिंग बॉडी) बैठक होगी। केबिनेट की बैठक पूर्वान्ह 11 बजे से प्रारंभ होगी। केबिनेट की बैठक के पश्चात खेल विकास प्राधिकरण की शासी निकाय की बैठक होगी।

### राज्यपाल ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर किया नमन

**रायपुर।** राज्यपाल सुश्री अनुसुईया उइके ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि के अवसर पर उन्हें नमन किया है। राज्यपाल ने कहा कि महात्मा गांधी ने मातृभूमि की सेवा के लिए सर्वस्व अर्पित कर दिया। उनके आदर्श एवं विचार आज भी मानव जीवन को खुशहाल, स्वस्थ, समृद्ध, संवेदनशील, शोषण मुक्त, विवेकपूर्ण एवं मानवीय गुणों से परिपूर्ण बनाने के लिए प्रासंगिक है। इस समय देश और दुनिया में व्याप्त अनेक समस्याओं का निदान महात्मा गांधी के विचारों से हो सकता है। हमें उनके आदर्शों को अपने व्यवहार एवं आचरण में उतारने की जरूरत है।

### मैराथन दौड़ 6 फरवरी को: विजेताओं को मिलेगा पुरस्कार

**रायपुर।** खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा मैराथन दौड़ का आयोजन किया जा रहा है। जशपुर जिले में जिला स्तरीय मैराथन दौड़ का आयोजन 06 फरवरी को किया गया है। जिला स्तरीय मैराथन दौड़ जशपुर नगर के रणजीता स्टेडियम से सबेरे 8 बजे षुरू होगी। दौड़ में पुरूष वर्ग के लिए 20 किलोमीटर तथा महिलावर्ग के लिए 10 किलोमीटर की दूरी निर्धारित है। जशपुर जिले के सभी विकासखंडों में 25 से 31 जनवरी तक विकासखंड स्तरीय मैराथन दौड़ का आयोजन किया जा रहा है। विकासखंड स्तर पर विजयी प्रतिभागियों को जिला स्तर पर शामिल होने का मौका मिलेगा। जिला स्तरीय मैराथन दौड़ में सभी विकासखंडों से पुरूष एवं महिला वर्गों के 1 से 15 तक चयनित प्रतिभागी एवं जिले में निवासरत कार्यरत धावक-धाविका मैराथन हिस्सा लेंगे। मैराथन दौड़ में विजयी होने वाले महिला और पुरूष वर्ग के दस-दस प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया जाएगा।

### जेईई मेन्स की परीक्षा : नारायणपुर की अनिता पहले ही प्रयास में सफल हुई

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ शासन की पहल पर जिला प्रशासन नारायणपुर के द्वारा संचालित एजुकेशन हब गरांजी की विशेष कोचिंग संस्थान की छात्रा अनिता कचलाम ने पहले ही प्रयास में अखिल भारतीय स्तर पर इंजीनियरिंग की प्रवेश परीक्षा (जेईई मेन्स) में अच्छे अंक प्राप्त कर सफलता हासिल की है प्रदेश के नारायणपुर में सुदूर वनांचल जिले के अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग एवं सामान्य वर्ग के कक्षा 11वीं एवं 12वीं में पढ़ने वाले गणित एवं विज्ञान संकाय के छात्र-छात्राओं को डॉक्टर एवं इंजीनियर बनने की पढ़ाई के लिए एजुकेशन हब के नाम से कोचिंग संस्थान संचालित की जा रही है। इस कोचिंग संस्थान में विषय विशेषज्ञों द्वारा छात्र-छात्राओं को उनकी रूची के विषय में गहन अध्ययन कराया जाता है।

# वेदों में देश के सदियों पुराने ज्ञान का खजाना-राज्यपाल अनुसुईया उईके

**» वेद एवं वैदिक संस्कृति महासम्मेलन में हुई शामिल**



**न्याय साक्षी/रायगढ़।** राज्यपाल अनुसुईया उईके आज रायगढ़ जिले के पुसौर विकासखण्ड के ग्राम-तुरंगा में महर्षि सान्दीपनी राष्ट्रीय वेद विद्या प्रतिष्ठान एवं आर्ष गुरूकुल आश्रम तुरंगा के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित कार्यक्रम वेद एवं वैदिक संस्कृति महासम्मेलन में शामिल हुई।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राज्यपाल अनुसुईया उईके ने कहा कि वेदों में देश के सदियों पुराने ज्ञान का खजाना है। इस पारंपरिक विरासत ने हमारी कई समस्याओं का समाधान किया है। वेदों में व्यक्ति कल्याण, सार्वभौम कल्याण एवं शांति का परोपकारी संदेश है। यह हमें प्रज्ञा, ज्ञान एवं अंर्तदृष्टि प्रदान करते हैं। राज्यपाल अनुसुईया उईके ने कहा कि वही व्यक्ति समाज की सेवा कर सकते हैं जिनमें संवेदना है। उन्होंने कहा कि वेद एवं वैदिक संस्कृति हमारे देश की पुरानी संस्कृति एवं परम्परा का अभिन्न अंग है और इसे हमें जानना चाहिए।

आध्यात्मिक वैचारिक दृष्टिकोण के कारण ही हमारे देश में भाईचारा एवं शांति व्याप्त है और समाज में सभी एकदूसरे का सम्मान करते है। इस अवसर पर उन्हें छत्र पहनाकर एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर आचार्य वेदप्रकाश श्रोति ने कहा कि स्वामी दयानंद सरस्वती ने दासतां की बेडियों में जकड़े देश में नवीन प्राण का संचार किया और जनमानस को जगाया। उन्होंने एक राष्ट्र समाज की उद्घोषणा की और शिक्षा की ज्योति जलाई। आचार्य राकेश ने कहा कि वेद हमारी प्राचीनतम संस्कृति का आधार है, जिसके माध्यम से जन-जन को सुखमय बनाने का कार्य किया जा रहा है। हमें समाज एवं राष्ट्र के उत्थान के लिए वेदों का अध्ययन करना चाहिए। इस अवसर पर ओडिसा के आचार्य धर्मानन्द सरस्वती, आचार्य दयासागर, तुरंगा गुरूकुल आश्रम के प्रधान किशन लाल, संरक्षक रामदास अग्रवाल, डॉ.रामकुमार पटेल सहित विभिन्न स्थानों से आये प्रबुद्धजन एवं बड़ी संख्या में जनसामान्य उपस्थित थे।

## महिला को बोलेरो में जबरन बिठा कर ले जाने वाले जेल दाखिल



**न्याय साक्षी/रायगढ़।** कोतवाली दिनांक 28.01.2020 की शाम क्षेत्र में रहने वाली 19 वर्षीय युवती अपने पति के साथ स्कूटी से जमुनाईन चौक के पास स्वेटर खरीदने आयी थी। शाम करीब 19.30 बजे जमुनाईन चौक के पास युवती को उसका पति सड़क के इस पार छोड़कर कुछ सामान लेने रोड़ के उस पार गया था। उसी समय स्कार्पियो वाहन एचआर 13 रु 2344 में दो व्यक्ति आये और युवती के पास गाड़ी खड़ी कर उसे अपने पास बुलाये, कुछ काम होगा सोचकर युवती उनके पास गई तो एक व्यक्ति युवती को गाड़ी में जबरन बिठाकर जमुनाइन चौक से शहर की ओर भागने लगा, जिसे देख युवती का पति स्कार्पियो का पिछा कर गद्दी चौक के पास राहगीरों की मदद से उन्हें रोकवाया। वहीं उनका नाम पूछने पर महेन्द्र पाल तथा सुनील बताये , जिन्हें लोगों ने समीप के थाना कोतवाली में वाहन समेत सुपुर्द किये। घटना की रिपोर्ट पीडिता द्वारा थाना चक्रधरनगर में किये जाने पर आरोपीगण के विरूद्ध अप.क्र. 32/2020 धारा 354,366,511,34 भादंवि का अपराध दर्ज किया गया। आरोपी 1- महेन्द्रपाल शर्मा पिता उमीलाल शर्मा 52 साल 2- सुनील कुमार कंकरवाल पिता गनपत सिंह कंकरवाल उम्र 40 साल दोनों निवासी उचाना तहसील नरवाना जिन्द हरियाणा हाल मुकाम साई एक्लेव्य गोरखा कोतरारोड़ को आज रिमांड पर भेजा गया जिन्हें जेल वारंट पर जेल दाखिल कराया गया है।

## लायनेस क्लब ऑफ रायगढ़ सिटी ने शासकीय इंदिरा गांधी पूर्व माध्यमिक शाला में मनाया गणतंत्र दिवस



**न्याय साक्षी/रायगढ़।** लायनेस क्लब ऑफ रायगढ़ सिटी के सदस्यों ने 26/01/2020 को शासकीय इंदिरा गांधी पूर्व माध्यमिक शाला रायगढ़ में नन्हे नन्हे बच्चों के साथ गणतंत्र दिवस मनाया। क्लब के सदस्यों ने व शाला प्राचार्य तिवारी सर ,तिलक पटेल सर , नन्द लाल त्रिपाठी , श्रीमती उपध्याय मैम, श्रीमती आशा किरण साहू, श्रीमती राठौर मैम, जाफरी सर, कुजूर मैम ,पवन सर आदि सभी ने मिलकर सर्वप्रथम भारत माता की पूजा अर्चना की फिर तिरंगा झंडा फहराया गया व जन-गण मन गाया गया व सभी के द्वारा तिरंगे झंडे को सलामी दी गई तत्पश्चात नन्हे मुन्ने बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी व लायनेस क्लब के सदस्यों ने व तिलक पटेल जी ,नन्द लाल त्रिपाठी जी ने बच्चों को गणतंत्र दिवस की महत्ता बताई। तत्पश्चात लायनेस क्लब के सदस्यों द्वारा सभी बच्चों व समस्त स्टाफ को लड्डु,मिक्चर व बड़ा चटनी खिलाया गया इस तरह लायनेस क्लब ऑफ रायगढ़ सिटी ने हर्षोल्लास के साथ गणतंत्र दिवस मनाया। जिसमें लायनेस हेमा शाह, लायनेस अलका जैन, लायनेस सरिता विश्वकर्मा,व अध्यक्षा लायनेस किरण उरांव उपस्थित रहीं।



## स्वास्थ्य विभाग की टीम ने किशोरी बालिकाओं को स्वास्थ्य संबंधी दी जानकारी

**न्याय साक्षी/रायगढ़। स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा आज रायगढ़ विकास खण्ड के हायर सेकेण्डरी स्कूल उसरौट, शासकीय हाई स्कूल सम्बलपुरी, शासकीय हाई स्कूल कुलबा और चांदमारी स्कूल में स्कूली किशोरी बालिका को पर्सनल हायजीन विषय के संबंध में जानकारी दी गई ।**





बालिकाओं को शरीर में खून की कमी के लक्षण और दूर करने के उपाय बताए गए। साथ माहवारी के दौरान रखने वाली सावधानी एवं एहतियात की भी जानकारी दी गई। बालिकाओं को शरीर की स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने की सलाह दी गई। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने बालिकाओं की समस्याओं का समाधान किया। बालिकाओं को जानकारी दी गई की स्वास्थ्य संबंधी अधिक समस्या आने पर डॉक्टरों से परामर्श लेना अनिवार्य होता है। उन्हें यह भी बताया गया कि कोई भी दवाई सेवन करने से पहले डाक्टरों से परामर्श उपरांत ही दवा का सेवन करने करें।

### बी.डी.सी. प्रत्याशी और समर्थकों द्वारा घर घुसकर मारपीट करने की रिपोर्ट

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** थाना छाल में दिनांक 29.01.2020 को आवेदक/पीड़ित राजेश गुप्ता पिता आदित्य प्रसाद गुप्ता उम्र 50 वर्ष निवासी ग्राम कुडेकेला द्वारा दिनांक 28.01.2020 की रात्रि बी.डी.सी., पंच, उनके भाई तथा समर्थकों द्वारा घर घुसकर मारपीट करने की रिपोर्ट आवेदन देकर दर्ज कराया गया है । रिपोर्टकर्ता ने बताया कि दिनांक 28.01.2020 की रात्रि करीब 00.30 बजे संजय गुप्ता , प्रवीण गुप्ता, राकेश गुप्ता, विजय गुप्ता हाथ में डंडा, राड लेकर जबरन दरवाजे को धक्का मारकर घर अंदर घुस गए और पुरानी रंजिश को लेकर रायगढ में जो केस चल रहा है।

### विनोबानगर में आज 10 बजे से स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित

**» आंगनबाड़ी केन्द्र में विशेषज्ञ चिकित्सक इलाज के लिए रहेंगे उपलब्ध**

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना के अंतर्गत राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन, रायगढ़ द्वारा 30 जनवरी 2020 को वार्ड क्रमांक 34 संत विनोबानगर के आंगनबाड़ी केन्द्र में प्रातः10 बजे से स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया जा रहा है। जिसमें शिशु रोग विशेषज्ञ तथा अन्य विशेषज्ञ चिकित्सकों के साथ मोबाइल लैब यूनिट भी लगायी जाएगी। शिविर में मौसमी बीमारियों के अतिरिक्त बीपी, शुगर, टीबी, मलेरिया आदि की निःशुल्क जांच कर दवाएं दी जायेंगी। वार्ड क्रमांक 34 के निवासी उक्त जांच शिविर में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर स्वास्थ्य जांच का लाभ ले सकते है।

### स्वास्थ्य कर्मचारियों को बायो मेडिकल मैनेजमेंट वेस्ट के संबंध में दिया गया प्रशिक्षण



**न्याय साक्षी/रायगढ़।** सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लोईंग में स्टाफ नर्स, एएनएम, फार्मासिस्ट, एक्सरे टेक्नीशियन, लैब टेक्नोलॉजिस्ट, डेंटल असिस्टेंट को स्वास्थ्य केन्द्रों के कायाकल्प और बायो मेडिकल वेस्ट मैनेजमेंट का प्रशिक्षण दिया गया।

साथ ही स्वास्थ्य केन्द्र परिसर को कायाकल्प के माध्यम से आकर्षण बनाने की विधि बताई गई, ताकि मरीजों को आकर्षित करें और वे अपना बेहतर इलाज करा सके साथ ही स्वास्थ्य सुविधाएं का लाभ उठा सकें।

## बरमकेला पुलिस ने छोटे आमाकोनी के पास दो व्यक्तियों को मोटर सायकल से महुआ शराब लाते पकड़ा

**» आरोपियों की बाईक और 45 लिटर महुआ शराब जब्त**



**न्याय साक्षी/रायगढ़।** बरमकेला पुलिस द्वारा दिनांक 28/01/20 को मुखबिर सूचना पर ग्राम बडे आमाकोनी पुल के पास सोल्ड मोटर सायकल साईन पर आरोपी 1- दुर्गेश कुमार पटेल पिता गोपाल पटेल उम्र 23 वर्ष 2- दिनेश कुमार नायक पिता रोहित नायक 21 वर्ष दोनों निवासी डभरा को प्लास्टिक डिब्बा में करीब 45 लिटर कच्ची महुआ शराब लेकर आते हुये पकड़े। आरोपियों से अवैध महुआ शराब एवं मोटर सायकल जप्त कर बरमकेला पुलिस द्वारा आरोपियों के विरूद्ध धारा 34(1) (क) (2), 59(क) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही किया गया है।

### जिला चिकित्सालय में कैंसर जांच व परामर्श कैम्प का आयोजन 1 फरवरी को

**» कैम्प में दिल्ली एवं रायपुर के विशेषज्ञ टीम मौजूद रहेंगे**

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** कलेक्टर यशवंत कुमार के मार्गदर्शन में आगामी 1 फरवरी को प्रातः10 बजे से अपरान्ह 3 बजे तक स्व.श्री लखीराम अग्रवाल स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय संबद्ध किरोड़ीमल शासकीय जिला चिकित्सालय रायगढ़ में कैंसर जांच व परामर्श कैम्प का आयोजन किया जाएगा।

कैम्प में बाल्को मेडिकल सेंटर रायपुर तथा एम्स दिल्ली के विशेषज्ञ टीम मौजूद रहेंगे। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.एस.एन.केशरी ने बताया कि कैंसर से संभावित लक्षण जैसे मुंह के छाले एवं गांठ, गले में गांठ नासूर (न भरने वाले घाव), स्तन (ब्रेस्ट) में किसी भी प्रकार की गांठ सूजन या कड़ापन, निप्पल से खून आना या आकार में बदलाव या दर्द, सामान्य से अधिक माहवारी एवं स्त्राव अथवा गर्भाशय एवं अण्डाश्य की विकृतियाँ जैसे लक्षण पाये जाने वाले व्यक्ति शिविर में उपस्थित होकर जांच परामर्श की सुविधा का लाभ उठा सकते है।

डॉ.केशरी ने जिले के नागरिकों को अधिक से अधिक संख्या में जांच व परामर्श कैम्प का लाभ लेने हेतु आग्रह किया है।

## मकान का ताला तोड़कर जेवरात व नगदी 60 हजार रूपये की चोरी एफआईआर दर्ज



**न्याय साक्षी/रायगढ़।** थाना चक्रधरनगर अन्तर्गत लोचननगर में किराये मकान पर रहने वाली अर्चना कुमारी त्रिपाठी पति सरोज चंद त्रिपाठी उम्र 33 वर्ष संस्कार पब्लिक स्कूल में टीचर है जिनके ससुर का स्वास्थ्य खराब होने पर उन्हें ईलाज के लिये कटक ओडिसा लेकर गये हैं, इनकी अनुपस्थिति में कोई अज्ञात चोर दिनांक 27-28.01.2020 के दरम्यानी रात मकान का ताला तोड़कर घर के आलमारी से सोने चांदी के जेवरात करीब 50-60 हजार रूपये के चोरी कर ले गया है। चोरी की रिपोर्ट आज थाना चक्रधरनगर में सुभाषिनी बाई पति स्व. नरसिंह मिश्रा उम्र 56 साल निवासी राउरकेला ओडिसा द्वारा जानकारी मिलने पर घर आकर देखी और थाना चक्रधरनगर में रिपोर्ट दर्ज कराई।

### युवती से छेड़खानी जुर्म दर्ज



**न्याय साक्षी/रायगढ़।** पुलिस चौकी जुटमिल में दिनांक 28/01/2020 को 28 वर्षीय युवती द्वारा आवेदन देकर बल्लु श्रीवास पिता भगत श्रीवास निवासी गढउमरिया द्वारा छेड़खानी एवं अश्लील इशारे करने की रिपोर्ट दर्ज कराया गया है। पीडिता बतायी कि दिनांक 28.01.2020 के दोपहर करीब 01:00 बजे रोड़ के किनारे इसका बच्चा शौच कर रहा था जिसे लेने के लिये गई तो बल्लु श्रीवास मिला जो पहले भी घर से कहीं आते जाते देखकर गंदी-गंदी कमेंट्स किया करता है, देखकर इशारा कर छेड़खानी करने लगा। युवती के रिपोर्ट पर थाना कोतवाली, चौकी जुटमिल में आरोपी के विरूद्ध अप.क्र. 93/2020 धारा 354(घ)(1), 509 आईपीसी पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है।

### मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों को बसंत पंचमी की बधाई दी

**रायपुर।** मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने प्रदेशवासियों को बसंत पंचमी की बधाई दी है। श्री बघेल ने अपने बधाई संदेश में कहा है कि बसंत पंचमी के दिन हम ज्ञान, कला और संगीत की देवी मां सरस्वती की आराधना करते हैं। यह ऋतु परिवर्तन का भी दिन है। इस दिन से ऋतुराज बसंत का आगमन होता है,इस समय प्रकृति अपने सर्वोच्च सौंदर्य और निखार लिए होती है इसलिए बसंत पंचमी को हरियाली और फसल के त्यौहार के रूप में भी मनाते हैं।

## कांकेर में अंग्रेजी माध्यम का स्कूल खोलने के लिए प्रस्ताव भेजे- डॉ. आलोक शुक्ला

**» प्रमुख सचिव स्कूल शिक्षा ने कांकेर में की विभागीय समीक्षा**

**रायपुर।** स्कूल शिक्षा विभाग के प्रमुख सचिव डॉ. आलोक शुक्ला ने आज जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण केन्द्र (डाइट) कांकेर में शिक्षा विभाग के अधिकारियों की बैठक लेकर स्थानीय स्तर पर शिक्षा में नवाचार की जानकारी ली। उन्होंने बैठक में उपस्थित अधिकारियों को जिला मुख्यालय कांकेर में अंग्रेजी माध्यम का स्कूल खोलने हेतु प्रस्ताव शासन को भेजने के निर्देश दिए। डॉ. शुक्ला ने कहा कि इस विद्यालय को मॉडल स्कूल के रूप में विकसित किया जायेगा, जिसके लिए शिक्षकों की व्यवस्था शासकीय स्कूलो से की जायेगी, जो अंग्रेजी माध्यम में पढ़ाना जानते हों। शिक्षक उपलब्ध नहीं होने पर संविदा भर्ती के आधार पर शिक्षकों की व्यवस्था की जाएगी। विद्यालय में शिक्षा निःशुल्क दी जाएगी और प्रवेश परीक्षा के माध्यम से स्कूल में दाखिला मिलेगा। प्रमुख सचिव स्कूल शिक्षा ने कहा कि जिले के सुदूर आदिवासी अंचलों में जहॉ गोंडी, हल्बी बोली जाती है। ऐसे क्षेत्र के विद्यालयों को चिन्हांकित करने के लिए उन्होंने निर्देशित किया कि चिन्हांकित विद्यालयों के बच्चों को स्थानीय भाषा मे शिक्षा दी जायेगी। आगामी समय में ऐसे विद्यालयों में द्विभाषी पुस्तक हिन्दी तथा गोंडी, हल्बी में उपलब्ध कराई जायेगी, जिससे विद्यार्थियों को समझने में आसानी होगी। प्रमुख सचिव डॉ. शुक्ला ने बैठक में



शिक्षा विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्राथमिक विद्यालयों में अप्रैल माह में बच्चों को केवल पढ़ाना सिखायें, प्रत्येक बच्चा को पढ़ने के साथ समझ में भी आना चाहिए। उन्होंने कहा कि अप्रैल माह के अंतिम सप्ताह में संकुल स्तर पर प्रतियोगिता आयोजित की जायेगी, जिसके निर्णायक मण्डल में केवल माताएं होंगी। विद्यार्थी पास या फेल नहीं होगा, बल्कि विद्यालय फेल या पास होगा। संकुल स्तर पर चयनित स्कूलों को विकासखण्ड स्तर की प्रतियोगिता में शामिल किया जायेगा। विकासखण्ड स्तर से चयनित स्कूलों को जिला स्तर और जिला स्तर पर चयनित स्कूल को राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में शामिल किया जायेगा। डॉ. शुक्ला ने बताया कि प्रत्येक सोमवार को विद्यालयों में संविधान की प्रस्तावना पढ़ाई जाएगी और उससे संबंधित पांच-पांच प्रश्न प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालय के विद्यार्थियों से पूछे जायेंगे। उन्होंने बताया कि विद्यालयों में छत्तीसगढ़ के महान विभूतियों की जानकारी भी दी जायेगी।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO :- CHHHIN/2018/76480